Title: Requested the Minister, Human Resource Development to issue an order to establish a Navodaya Vidyalaya at Parvani, Maharashtra.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं महाराट्र के परभनी क्षेत्र से चुन कर आता हूं। वहां की जनसंख्या 22-23 लाख है। वहां लगभग 11-12 लाख वोटर्स हैं। इतनी जनसंख्या वाला प्रदेश होते हुए भी वहां केन्द्रीय नवोदय विद्यालय नहीं है। वहां पहले केन्द्रीय नवोदय विद्यालय था लेकिन मेरे जिले का दो साल पहले डिविजन हो गया। इससे नवोदय विद्यालय हिंगोली डिस्ट्रिक्ट में चला गया। हमारा पिछड़ा इलाका है। वहां नवोदय विद्यालय खोलना जरूरी है। मेरा मानव संसाधन विकास मंत्री जी से निवेदन है कि वहां केन्द्रीय नवोदय विद्यालय खोलने के लिए तुरन्त आदेश दिए जाएं।